डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर – 11, सीतापुर रोड,लखनऊ–226031

पत्रांक संख्याः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन 35–3 / 2024 /3841 **दिनांकः** 27-8-2024

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः सत्र 2023–24 में संस्थान में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि कतिपय संस्थाओं द्वारा अपने संस्थान में सत्र 2023–24 में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन फार्म, नामांकन सत्यापन की प्रकिया पूर्ण हो जाने उपरान्त भी उसकी हार्ड कापी विश्वविद्यालय में जमा नहीं करायी गयी है। अतः आपसे अपेक्षा है कि संस्थान में सत्र 2023–24 में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन फार्म की हार्ड कापी तीन कार्य दिवस में विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने का कष्ट करें। यदि उक्त निर्धारित अवधि में संस्थान द्वारा नामांकन फार्म की हार्ड कापी विश्वविद्यालय में जमा नहीं की जाती है और किसी भी प्रकार की विरोधाभाष की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संस्थान की होगी।

2. सत्र 2023–24 में संस्थान में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन फार्म का सत्यापन, नामांकन फार्म के सत्यापन के दौरान जांचकर्ता द्वारा लगायी गयी Query के उपरान्त भी अब तक सत्यापित नहीं कराया गया है, तो वह दो कार्यदिवस (दिनांक 27.08.2024 एवं दिनांक 28.08.2024) आवंटित सत्यापनकर्ता से सम्पर्क कर नामांकन फार्म का सत्यापन करवाना सुनिश्चित करें। यदि संस्थान द्वारा उक्त निर्धारित अवधि में छूटे हुए नामांकन फार्म (जांचकर्ता द्वारा लगायी गयी Query के उपरान्त) का सत्यापन नहीं कराया जाता है तो उनको निरस्त माना जायेगा और उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित संस्थान की होगी।

3. सत्र 2023–24 में संस्थान में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं में से जिन छात्र–छात्राओं द्वारा प्री–रजिस्ट्रेशन एवं नामांकन फार्म भरने के उपरान्त प्रवेश नहीं लिया गया है और वह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गयी परीक्षा में भी सम्मिलित नहीं हुए हैं, का नामांकन फार्म निरस्त करवाने हेतु निम्न विवरणानुसार सूचना हार्ड एवं साफ्ट कापी में तीन कार्य दिवस में (दिनांक 27.08.2024 से दिनांक 29.08. 2024 तक) उपलब्ध करवाने का कष्ट करें।

क0सं0	पी0आर0एन0नं0	छात्र का नाम	पिता का नाम	ब्रान्च का नाम	अभियुक्ति
					संस्थान द्वारा इस हेतु शपथ पत्र दिया जायेगा कि बाद में छात्र के प्रवेशन हेतु कोई प्रार्थना पत्र विश्वविद्यालय को प्रेषित नहीं किया जायेगा, और निरस्तीकरण की सम्पूर्ण जिम्मेदारी संस्थान की है।

4. उक्त के अतिरिक्त सत्र 2023–24 में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन फार्म में यदि किसी प्रकार का संशोधन (छात्र का नाम / पिता का नाम / माता का नाम / जन्मतिथि) प्रदर्शित हो रहा है तो छात्र

2.../–

को आवंटित प्रान नम्बर एवं अनुक्रमांक के साथ उसकी सूची (हाई स्कूल की अंकतालिका की छायाप्रति संलग्न करते हुए) निम्न तालिका के अनुसार प्रेषित करने का कष्ट करें।

क.सं.	पी0आर0एन0नं0	आवंटित अनुक्रमांक	गलत नाम	सही नाम	संलग्नक
1.					
2.					

संस्थान को उक्त सूची प्रेषित करने के साथ ही इस बात का शपथ पत्र भी देना होगा कि संस्थान में सत्र 2023–24 में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं की संलग्न सूची के अतिरिक्त इस सत्र में प्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामों में किसी प्रकार का संशोधन अपेक्षित है। यदि इसके उपरान्त संस्थान द्वारा सत्र 2023–24 में प्रवेशित छात्र–छात्राओं में किसी भी प्रकार कर संशोधन विश्वविद्यालय को अग्रसारित किया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संस्थान की होगी।

भवदीया

(रीना सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः तददिनांक।
प्रतिलिपि, स्टाफ आफिसर, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव